भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1411

गुरुवार, 14 दिसम्बर, 2023/23 अग्रहायण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन का विकास

1411 श्री के. आर. एन. राजेश कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने तमिलनाडु में पर्यटन के विकास हेतु किसी योजना और वित्तीय सहायता का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विकास हेतु कितनी परियोजनाओं का चयन किया जा रहा है और उन पर विचार किया जा रहा है;

(घ) प्रत्येक परियोजना हेतु संस्वीकृत की गई/की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु में चिह्नित की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकार/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया है । एसडी 2.0 योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में 'मामल्लापुरम' और 'नीलगिरी' गंतव्यों को विकास के लिए चिह्नित किया गया है ।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है । प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और विनिर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति, संचालन संबंधी व्यवहार्यता तथा निधियों की उपलब्धता के अध्याधीन इन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है ।

तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन 1.0, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

अनुबंध

श्री के. आर. एन. राजेश कुमार द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 14.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1411 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**राज्य**	**परिपथ**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	तमिलनाडु	तटवर्ती परिपथ 2016-17	(चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपाडु-कन्याकुमारी) का विकास	73.13

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**
1.	तमिलनाडु	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
2.	तमिलनाडु	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**वर्ष**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**
1.	तमिलनाडु	चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र	2012-13	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	17.25
2.	तमिलनाडु	रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2017-18	रेल मंत्रालय	4.70
3.	तमिलनाडु	मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2018-19	रेल मंत्रालय	4.48

*****